



एक नजर में

## डामोर का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार



**थांदला।** साहिल (चैतन्य) डामोर एवं निशित डामोर के पिता एवं शोभना डामोर के पति तथा पीटर बबेरिया के दामाद राजेश बर्नार्ड डामोर लेखापाल हॉयर सेकेंडरी स्कूल खवासा का 51 वर्ष की आयु में 11 जुलाई को बडौदा ईशा हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 12 जुलाई को प्रात: 11 बजे थांदला में किया जाएगा।

## वाहनों पर पत्थर मारने वाले बदमाशों के विरूद्ध की कार्रवाई

**पेटलावद।** करवड-झाबुआ रोड पर वाहनों पर पत्थर मारकर तोडफोड करने वाले शिवा-11 गैंग के मुखिया व सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा करवड-रतलाम रोड पर वाहनों पर पत्थर मारकर तोडफोड कर घटना का अंजाम देने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने पर निर्देशित किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीओपी अनुरक्ति साबनानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पेटलावद निर्भयसिंह भूरिया व उनकी टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की। घटना के विवरण में बताया गया कि 6-7 जुलाई को किराना व्यापारी वैभव सोलंकी नि. मोहनकोट उनकी कार क्रमांक एमपी-43-जेसी-9214 एवं रोहन जोशी निवासी पेटलावद, कार क्रमांक एमपी-09-जेजे-7772 से अपनी साथी के साथ सांवरिया सेठ (राजस्थान) से दर्शन कर पेटलावद लोट रहे थे। रतलाम-करवड रोड, जीवली घाटी ग्राम मोड पर देर रात्रि शिवा-11 गैंग के बदमाशो द्वारा अपनी दो मोटर सायकलो पर बैठकर वाहनो को रोककर अवैध रूप से रूपयें मांगने से न देने पर पत्थर व लठ्ठ से तोडफोड कर वाहनो को नुकसान पहुंचाया था। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सुचना पर 1 बाल अपचारी सहित 4 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया। साथ ही घटना मे प्रयुक्त दो मोटरसायकल को भी जब्त किया गया। उक्त कार्य में थाना प्रभारी भूरिया, चौकी प्रभारी सारंगी दीपक देवरे, चौकी प्रभारी करवड प्रहलादसिंह चुंडावत, सउनि लाखनसिंह भाटी, प्रआर विजेन्द्रसिंह, आर. कांतिलाल, मुकेश सोलंकी, रवि भाभर, हालुसिंह मचार, राहुल मुजाल्दा, मोतीलाल डिंडोर, पंकज राजावत का सहरानीय सहयोग रहा।

## कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती कर रहे किसान के खेत का किया भ्रमण



**झाबुआ।** भारत सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन प्रारंभ किया है। जिसका उद्देश्य सभी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्राकृतिक खेती कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देते हुए किसानों को खेती में आने वाली लागत को कम करना और बाहर से खरीदे गए संसाधनों पर निर्भरता को कम करना है। साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को सर्टिफिकेट देकर प्राकृतिक खेती का प्रमाणीकरण किया जाता हैं। ग्राम खेड़ी मे कलेक्टर नेहा मीना ने प्राकृतिक खेती कर रहे किसान विमल भाबोर के खेत का भ्रमण किया, किसान से प्राकृतिक खेती आदान निर्माण की विधियों तथा उपयोग पर विस्तृत चर्चा की। कृषक विमल ने उनके खेत पर निर्मित जीवांमृत, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र जैसे अदानों का जीवंत प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर की यूनिट कृषक विमल के यहां स्थापित की जाएगी। जिससे प्राकृतिक खेती हेतु चयनित क्लस्टर के किसानों को जैविक आदान सुलभता से उपलब्ध हो सके। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि सर्टिफिकेशन के प्रक्रिया के तहत आवेदन किया जा चुका। कलेक्टर ने किसान बंधु से आदान निर्माण की विधियों एवं प्रक्रिया को अन्य किसानों को भी सीखा कर प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाने को कहा।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन-जिले में कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती जागरूकता, उन्मुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को प्राकृतिक खेती पद्धति के गुढ़ रहस्यों के साथ-साथ सैद्धांतिक और व्यवहारिक बारिकीयों से भी सुपरिचित करवाया जा रहा है। गोबर, गौ-मूत्र, गुड़, बेसन, चूना, सजीव मिट्टी के साथ-साथ नीम करंज धतुरा, सीताफल, पपीता, अरंडी, अमरूद इत्यादि पत्तीयों के संयोजन से जीवांमृत, बीजांमृत, घनजीवांमृत, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र का सजीव ढंग से निर्माण करने की विधि को बताया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के लिये आवश्यक मूलभूत आदान जैसे बीजांमृत, घनांमृत, जीवांमृत, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र के नीर्माण की विधिया भी विकासखंड स्तर के मैदानी अमले द्वारा कृषकों सिखाई जा रही है। भ्रमण के दौरान जिले के उप संचालक कृषि एनएस रावत, सहायक संचालक उद्यानिकी बीएस चौहान, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एलएस चारेल, उप परियोजना संचालक आत्मा एमएस धार्वे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विजय मोरे और मैदानी अमला उपस्थित था।

## महू में श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ

महू. लाल जी की बस्ती स्थित भटे सरकार बालाजी मंदिर प्रांगण में 10 से 19 जुलाई तक सार्वजनिक श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसे युवाचार्य अभिषेक कृष्ण महाराज वाचन करेंगे. कथा प्रारंभ से पूर्व आज सातरस्ता स्थित काली माता मंदिर से एक कलश यात्रा निकाली गई, जो कथा स्थल तक पहुंचकर संपन्न हुई. कलश यात्रा में नगर की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और सिर पर कलश सजाकर भक्तिभाव से भाग लिया. महिलाएं चुनरी पहनकर जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए चल रही थीं, जिससे वातावरण राममय हो गया. कलश यात्रा के साथ ही श्री राम कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ. यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है.

## नशे में पति ने की पत्नी से मारपीट

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. महिला का कहना है कि उसका पति शराब के नशे में आए दिन विवाद करता है और बीती शाम उसने जमकर मारपीट की. फरियादी रेखा गुर्जर, निवासी सांई मंदिर, जवाहर टेकरी, ने शिकायत दी कि शाम करीब 7.30 बजे उसका पति दशरथ गुर्जर शराब पीकर घर आया और गाली-गलौज करने लगा. जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने लात-घूंसे से उसकी पिटाई कर दी. घटना के दौरान उनका बेटा और पड़ोसी बीच-बचाव में आए, तब जाकर महिला की जान बची. पीड़िता का आरोप है कि जाते-जाते दशरथ ने धमकाया कि यदि उसने थाने में रिपोर्ट की तो वह उसे जान से खत्म कर देगा. चंदन नगर पुलिस ने आरोपी दशरथ गुर्जर के खिलाफ मारपीट और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# गुरूपूर्णिमा पर साई मंदिर से देर शाम निकाली साई पालकी



**झाबुआ।** शहर के डीआरपी लाईन स्थित साई मंदिर पर 18वां त्रि-दिवसीय गुरूपूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लापूर्वक एवं विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। गुरूपूर्णिमा पर 10 जुलाई को शाम 7 बजे साई मंदिर से साईनाथ भगवान की पालकी निकाली गई। जिसमें पालकी में भगवान की तस्वीर को लेकर युवा साईभक्त चले। पालकी पश्चात् साई मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ। महाप्रसादी के रूप में भक्तजनों को फरियाली खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। सभी आयोजन युवा साई सेवा समिति द्वारा किए गए। समिति सदस्य दिलीप कुशवाह ने बताया कि साई मंदिर से देर शाम 7 बजे से बैंडबाजों और ढोल-ताशो के साथ साई पालकी निकाली गई। आगे बैंडबाजों पर धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी गई। नासिक के ढोल-ताशों से पूरा शहर गूंजायमान हुआ। मुख्य आकर्षण में सुसज्जित पालकी में भगवान श्री साईनाथ महाराज की तस्वीर विराजमान रहीं। जिसे युवा साई भक्त लेकर चले तथा भगवान के जयघोष भी लगाए। यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के भक्तजन शामिल हुए। यह पालकी शहर के डीआरपी लाईन तिराहा, रामकृष्ण नगर, राजगढ़ नाका, कोतवाली लाईन होते हुए पुन: 8.15 बजे मंदिर पर पहुंची।

**रात्रि में मंदिर विद्युत सज्जा से हुआ जगमग**-रात्रि में मंदिर में श्री साईनाथ भगवान की सजी सुंदर झांकी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। रात में साई मंदिर पर पुष्पमाला और फूलों से सुंदर सजावट के साथ पूरे मंदिर एवं प्रांगण में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। रात ठीक 8.30 बजे महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष कविता सिंगार एवं भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक बिट्टू सिंगार ने शामिल होकर साई बाबा की आरती उतारी। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से खचाखच रहा। पश्चात् मंदिर परिसर में स्टाल लगाकर महाप्रसादी के रूप में करीब 5 क्विंटल स्वादिष्ट फरियाली का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। प्रसादी हेतु महिला एवं पुरूष वर्ग के लिए दो अलग-अलग लाईन बनाई गई। सभी आयोजनों को सफल बनाने में युवा साई सेवा समिति के समस्त सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। त्रि-दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव को भव्य बनाने हेतु समिति ने सभी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों एवं भक्तों के प्रति आभार माना।

# चोरी का माल बेचने एवं खरीदने वाले चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

### *पुलिस ने 12 लाख का माल किया जब्त*



**झाबुआ।** पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक प्रतिपालसिंह महोबिया के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी पेटलावद अनुरक्ति साबनानी के नेतृत्व में थाना प्रभारी पेटलावद निर्भयसिंह भूरिया एवं उनकी टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। 9 जुलाई को पेटलावद पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की रायपुरिया रोड पर ट्रेक्टर और पिकअप में कुछ लोग चोरी का माल सस्ते दामों में बेचने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वाहनों की तलाशी ली। ट्रेक्टर पर ढकी त्रिपाल हटाकर देखा गया तो उसमें पुराना भंगार, दो एक्सल जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 75 हजार थी, जबकि पिकअप में तोलने का कांटा एवं चार लोहे की पुरानी डिस्क, जिसकी कीमत 25 हजार आंकी गई, पाए गए। समस्त जप्त माल की अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख है। पुछताछ में अभियुक्त संतोषजनक जवाब नहीं दे सके एवं किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। मामले में धारा 35(क)(ख)(ड़), 106 बीएनएसएस, 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसकी विवेचना जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भूरिया, उनि. गोवर्धन मावी, सुबेदार. धर्मेन्द्र पटेल, प्रआर. विवेक शर्मा, आर. विकाश, महेन्द्र, घनश्याम का सराहनीय योगदान रहा।



## हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर गृह प्रवेश कराया

**झाबुआ।** नगरपालिका परिषद् झाबुआ द्वारा ब्रिलिएंट कंवेंशन सेंटर इंदौर से प्रधानमंत्री आवास (शहरी) 1.0 अंतर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश एवं प्रधानमंत्री आवास (शहरी) 2.0 अंतर्गत नवीन आवास के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये जाने के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण परिषद् के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। उक्त लाईव प्रसारण कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष कविता सिंगार द्वारा प्रधानमंत्री आवास (शहरी) 2.0 अंतर्गत नवीन आवास के 18 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये एवं वार्ड 11 तथा वार्ड 13 में हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी, अन्य पार्षदगण, मुख्य नपा अधिकारी मिलन पटेल तथा निकाय के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## गुरु पूर्णिमा पर स्व. वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**झाबुआ।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जय बजरंग व्यायामशाला कॉलेज मार्ग पर विशेष आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने अपने गुरु स्व. सुशील वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. वाजपेयी को व्यायाम शाला का मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर व्यायामशाला के उस्ताद प्रेमसिंह सतोगिया के साथ सीनियर खिलाड़ी उमेश मेड़ा, राकेश चौहान, कमलसिंह गरवाल, संजय भूरिया, संदीप मालवीय, सुजीतकुमार पाल समेत महिला खिलाड़ियों में नानूड़ी चारेल, अवंतिका भूरिया, प्रियांशी, अर्जुन, दिलीप डामोर, बाबू, प्रमोद साहू, यशस्वी, रविंद्रसिंह टॉक, धर्मेंद्र सिंगार, लीलाशंकर परमार, मांगीलाल माली उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों ने अपने गुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। व्यायामशाला के सीनियर खिलाड़ी गुलाबसिंह गुंडिया ने कहा कि गुरुजी भले ही आज हमारे बीच नहीं रहे हैं,

# बीएलओ को 14 से 17 तक दिया जाएगा प्रशिक्षण

**झाबुआ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में जिले की विधानसभा क्षेत्र 193-झाबुआ, 194-थांदला, 195-पेटलावद मुख्यालय पर बीएलओ को निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण 14 से 17 जुलाई तक प्रदान किया जायेगा। यह प्रशिक्षण जिले के राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रैनर द्वारा प्रतिदिन 50-50 की बैंच में दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने हेतु बीएलओ के क्षमता विकास हेतु सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स को प्रशिक्षित किया जाना है ताकि बीएलओ विधिक प्रावधानों, निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक की जानकारी का सत्यापन करना, मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि की जानकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, बूथ लेवल एजेंट से समन्वय, फॉर्मो, बीएलओ एप्प, फार्म 6,7,8 की जानकारी, बूथ जागरूकता, इलेक्टोरल रोल के संबंध में बारीकियों से भलिभांति अवगत हो सकें। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा उक्त प्रशिक्षण पूर्व जिले के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जून को भोपाल में आयोजित करवाया गया था। इन प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले के शेष प्रशिक्षणार्थियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 23 जून को आयोजित किया गया था। इसी प्रकार जिले की प्रत्येक विधानसभा से एक-एक बीएलओ को दो दिवसीय प्रशिक्षण हेतु नई दिल्ली भी भेजा गया था। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विधानसभा मुख्यालय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है,

जिसमें 14 से 17 जुलाई तक विधानसभा क्षेत्र झाबुआ हेतु तहसील कार्यालय सभाकक्ष एवं राणापुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में कुल 356 तथा 15 से 17 जुलाई तक विधानसभा क्षेत्र थांदला के एकलव्य मॉडल स्कूल अगराल में 304 तथा पेटलावद के एकलव्य मॉडल स्कूल में 321 इस प्रकार कुल 981 बीएलओ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण 50-50 की बैच में दो शिफ्टो में प्रात: 10 से 5 बजे तक आयोजित होगा। यह प्रशिक्षण राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण में पूर्व से पदस्थ बीएलओ एवं आयोग के नवीन निर्देशों के परिपालन में बनाये गये नवीन बीएलओ जिसमें आंगनवाडी कार्यकर्ता को भी बीएलओ बनाया गया है उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जायेगा। प्रशिक्षण में क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी एवं ईआरओ तथा तहसीलदार एवं एईआरओ भी उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।

**गुरु पूर्णिमा** ▶ **साहित्यकार रामशंकर चंचल को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया**

# गुरू पूर्णिमा पर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**झाबुआ।** स्थानीय शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं मप्र शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ दीपक रावल के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरू पूर्णिमा मनाई गई। सर्वप्रथम प्राचार्य ने मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार रामशंकर चंचल को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। तत्पश्चात टीना, करिश्मा, अखिलेश और भगवान सिंह ने प्राचार्य और सभी सहायक प्राध्यापकों व अतिथि विद्वानों को तिलक लगाकर फूलमाला व श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य रावल ने कहा कि गुरु ही विद्यार्थियों के जीवन के अंधकार को दूर कर उसे प्रकाशमय बनाने का कार्य करता है जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं या साहित्यकार हुए हैं उन्होंने अपने गुरुओं के आशीर्वाद से ही प्रसिद्धि एवं सफलता पाई है, साहित्यिक रुझान दिखाते हुए कबीर व तुलसी दासजी की पंक्तियों के माध्यम से आपने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि चंचल ने अपने वक्तव्य में बताया कि हम अपने गुरुओं का आशीर्वाद पाकर ही अपने श्रेष्ठ आदर्श की प्राप्ति निर्विघ्न रूप से कर सकते हैं, गुरु के द्वारा ही हमें सही दिशा की प्राप्ति होती है, गुरु के अभाव में हमारा जीवन अंधकारमय होता है। आपने जीवन की गहराई को कविता के माध्यम से समझाया तथा प्रेम के विराट स्वरूप पर प्रकाश डाला। साथ ही महाविद्यालय को अपनी पुस्तकें भेंट की। प्रशासनिक अधिकारी प्रो. संजय खांडेकर ने राम और कृष्ण को अपना गुरु मानकर उनसे मिली सीखों को सबके साथ साझा किया और तनाव मुक्त रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के सान्निध्य में रहने से आपका भविष्य निर्माण होगा और छात्र जीवन को सबसे महत्वपूर्ण समय बताते हुए अच्छे भविष्य के निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. राकेश बघेल ने गुरु शिष्य परंपरा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी का घड़ा बनाते समय लकड़ी का पटिया लेकर उस पर प्रहार करता है जिससे कि उसकी सही आकृति का निर्माण हो सके, उसी प्रकार गुरु विद्यार्थियों के जीवन को उत्तम एवं श्रेष्ठ बनाने के लिए उसके अवगुणों को दूर करने का प्रयत्न करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफसे डॉ. पूजा बघेल, डॉ वंदना पारकर, डॉ कीर्ति सिंगोरिया, प्रो. करिश्मा आवासे, प्रो कोमल बरिया, प्रो. अनीता डावर, प्रो. सोनिया चौहान, डॉ निंगवाल, डॉ. धूलसिंह खरत, डॉ .राजेश पाल, प्रो. जितेंद्र कौरव, प्रो. जितेंद्र नायक, डॉ. जायसवाल, प्रो. रंगारी डोड़वा, डॉ, प्रेमलता मंडलोई, डॉ. प्रियंका डुडवे, डॉ. मधुबाला मारु सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।